दिनांकः 04.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में चार संयुक्त उपक्रमों की स्थापना को मंजूरी–एक लाख 34 हजार करोड रुपये का होगा निवेश–राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में हुए कई फैसले।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–राज्यपालों को आम लोगों के साथ जुड़ने के प्रयासों को तेज करना चाहिए।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने मानव अंगों को प्रत्यारोपण के लिए सही समय पर अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से मानक संचालन प्रक्रिया जारी की।
- प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तेज बारिश से कई बस्तियों में भरा पानी–पश्चिमी इलाकों में कहीं–कहीं भारी बारिश।

................

प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में चार संयुक्त उपक्रमों की स्थापना को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कल जयपुर में आयोजित राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में ये मंजूरी दी गई। इन उपक्रमों से एक लाख 34 हजार करोड रुपये का निवेश होगा। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता में मंत्रीमंडल के फैसलों की जानकारी दी। डॉ. बैरवा ने बताया कि केंद्र सरकार और राज्य के बीच संयुक्त उद्यम–जेवी कम्पनी के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। यह संयुक्त उद्यम प्रदेश में वर्तमान में चल रही और भविष्य की मेट्रो रेल परियोजनाओं के विकास, परिचालन और क्रियान्वयन के लिए होगा। संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार की विभिन्न पीएसयू के साथ ज्वाइंट वेंचर कंपनियों के गठन के प्रस्तावों को भी मंजूर किया गया।

वहीं उद्योग मंत्री श्री राठौड ने बताया कि कोल इंडिया लिमिटेड और आरवीयूएनएल के बीच दो अलग अलग ज्वाइंट वेंचर की स्थापना की जाएगी। इसमें एक तापीय परियोजना और दूसरी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी। इनसे बिजली की डिमांड पूरी होगी। साथ ही बिजली उत्पादन में प्रदेश के वित्तीय भार में कमी आएगी। ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट–इनविट लाने की घोषणा भी की गई है। कर्नल राठौड़ ने बताया कि जिन राज्य कर्मचारी और पेंशनरों ने आरजीएचएस के अलावा निजी मेडिकल इंश्योरेंस भी ले रखा है, उन्हें अब केन्द्र सरकार या सीजीएचएस के प्रावधानों से क्लेम का भुगतान किया जाएगा। चिकित्सा और संस्कृत शिक्षा से जुडे कुछ महत्वपूर्ण फैसले भी लिये गये।

................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कल कई अहम फैसले लिये। उन्होंने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही और अभियोजन स्वीकृति के विचाराधीन कई मामलों का निस्तारण किया। मुख्यमंत्री ने 7 मामलों में सेवारत अधिकारियों को सीसीए नियम 16 और 17 के तहत दण्डित करने तथा 4 सेवानिवृत्त अधिकारियों पर आरोप के अनुसार उनकी पेंशन रोकने का निर्णय लिया। इसी तरह भ्रष्टाचार के मामलों में न्यायालय से दोषसिद्धि के 2 मामले में दोषी चिकित्सकों को राजकीय सेवा से पदच्युत किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। उन्होंने भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत प्रस्तुत 3 मामलों में अभियोजन स्वीकृति भी दी।

................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राज्यों के समावेशी और निरंतर विकास पर ही देश का विकास निर्भर करता है और सभी राज्यों को एक–दूसरे की सर्वोत्तम कार्यशैली और अनुभवों से सीखकर आगे बढ़ना चाहिए। राज्यपालों का दो दिन का सम्मेलन कल राष्ट्रपति भवन में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में राष्ट्रपति

ने कहा कि राज्यपालों के कार्यालय के कामकाज को बेहतर बनाने और लोक–कल्याण के लिए मिले सुझावों पर अमल किया जायेगा। उन्होंने राज्यपालों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि सभी कार्यक्रमों का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले ताकि समावेशी विकास का लक्ष्य सही मायने में हासिल किया जा सके।

राष्ट्रपति ने कहा कि राजभवनों का माहौल भारतीय जीवन–शैली के अनुरुप होना चाहिए और राज्यपालों को आम लोगों के साथ जुड़ने के प्रयासों को तेज़ करना चाहिए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राज्यपालों को सरकार के साथ लगातार संवाद बनाए रखना चाहिए। सम्मेलन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यपालों से अपील की, कि वे राजभवनों में शासन का आदर्श मॉडल विकसित करें। उन्होंने कामकाज में तकनीक को अपनाने और डिजिटीकरण को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने शैक्षिक परिसरों को नशामुक्त बनाने के लिए इन संस्थानों के पूर्व विद्यार्थियों का सहयोग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी राज्यपाल प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें ताकि राजभवन परिसर रसायन–मुक्त हो सके।

................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। श्री बागडे ने दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी से भी मुलाकात की।

................

स्वास्थ्य मंत्रालय ने मानव अंगों को प्रत्यारोपण के लिए सही समय पर अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्रा ने बताया कि इससे गुणवत्तापूर्ण तरीक़े से अंग प्रत्यारोपण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अंगों को सही समय पर अस्पताल पहुंचाने से, प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे कई मरीजों की ज़िंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से प्रत्यारोपण के लिए अंग ले जा रहे एयरलाइन को एयर ट्रैफिक कंट्रोल से जल्दी उड़ान भरने की अनुमति मिल सकती है और अंग ले जा रहे व्यक्ति को अगली पंक्ति में सीट दी जा सकती है। इसी तरह सड़क, रेल और जहाज के जरिए भी अंगों को ले जाने के मानदंड निर्धारित किए गए हैं।

................

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में विभिन्न स्थानों पर हो रही तेज बरसात से जलाशयों में पानी की आवक जारी है। बाड़मेर में पिछले 24 घंटों में बादल जमकर बरसे। कई निचली बस्तियों में पानी भर गया। रामसर इलाके में सबसे ज्यादा बारिश हुई। गडरा रोड के सोलंकियों का तला मगरा में दो बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने भारी वर्षा के दौरान लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। जैसलमेर में मूसलाधार बारिश के चलते शहरी क्षेत्र की निचली बस्तियों में पानी भर गया है। पानी की निकासी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कई गांवों का संपर्क कट गया है।

हनुमानगढ़ में शिवालिक की पहाड़ियों में लगातार हो रही बरसात के बाद घग्गर नदी में पानी की आवक बढ़ने लगी है। नदी में फिलहाल पानी की मात्रा 10 हजार 472 क्यूसेक हो गई है, जो धान उत्पादक किसानों के लिए लाभदायक है। हालांकि लगातार हो रही बरसात से पानी की मात्रा बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। भीलवाड़ा जिले में बीती रात को कहीं जगह हल्की बारिश हुई। केकड़ी में भी मूसलाधार बारिश से शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। कोटा जिले की सीमा पर स्थित खातोली की पार्वती नदी और चंबल नदी में लगातार पानी की आवक जारी है। पार्वती नदी की पुलिया पर करीब 3 फिट पानी की चादर चल रही है। इसके कारण चलते स्टेट हाईवे 70 कोटा–श्योपुर राजमार्ग अवरूद्ध है। इससे राजस्थान का मध्यप्रदेश से सड़क संपर्क कटा हुआ है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव आज अलवर में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे भूरा सिद्ध हनुमान मंदिर में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव, एक पेड़ मां के नाम अभियान, मातृवन सघन वृक्षारोपण और हैरिटेज विकास कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद वे एक समुदाय के शपथ ग्रहण समारोह में भी शिरकत करेंगे। दोपहर बाद श्री यादव नीमराना में आयोजित एक बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद उनका भिवाड़ी में उद्यमियों के साथ बजट पर चर्चा का कार्यक्रम है। वे भिवाड़ी जिला

अस्पताल में प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेंगे। इससे पहले श्री यादव ने कल कोटपूतली बहरोड जिले का दौरा किया। गडाला में उन्होंने पक्षी घर का उद्घाटन किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कर एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पेड़ लगाने की अपील की।

................